## खबर संक्षेप

### ऑटो ने बाइक सवार जीजा-साले को मारी टक्कर

मण्डला। बाइक सवार दो युवक जो रिश्ते में जीजा साले हैं उन्हें ऑटो ने टक्कर मार दी। जिससे दोनों युवकों को चोट आई है। एक का पैर टूट गया है। जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार हादसा डिंडोरी रोड में बिनैका तिराहा के पास हुआ। भूरका टोला निवासी शिव कुमार सैयाम अपने फूलसागर निवासी जीजा केहर सिंह के साथ राशन लेकर जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रहे ऑटो ने टक्कर मार दी और फरार हो गया। दोनों बाइक सवार युवक सामने से आ रही एम्बुलेंस से टकरा गए। तत्काल उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। एक्सरे में पता चला कि शिवकुमार के पैर की हड्डी टूट गई है। चिकित्सकों ने ऑपरेशन की बात कही है। घटना की जानकारी कोतवाली थाने में भी दी गई है।

### राज्य स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का चयन

मण्डला। राज्य स्तरीय शालेय आयु वर्ग 17 हैंडबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 15 दिसंबर से 19 दिसंबर तक शिवपुरी में आयोजित की जा रही है। जिसमें मंडला जिले से जाहिरा अंजुम, राधिका फरक्डे, सानिया मरावी, अमन राव, प्रथम रजक का चयन राज्य स्तरीय शालेय हैंडबॉल प्रतियोगिता में किया गया। सभी खिलाड़ी अपनी संभाग की टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। सभी खिलाडियों को अच्छे खेल खेलने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी मुन्नी वरकड़े, जिला खेल अधिकारी कंधीलाल मरकाम, प्राचार्य सिस्टर ललिता कुजुर, प्राचार्य मोहम्मद रफीक खान, अंतर्राष्ट्रीय हैंडबॉल कोच सोना दुबे, पीटी आई सोनम कछवाहा, सत्यम बर्मन, युकेश मिश्रा, शोभना कछवाहा, वजमी बैरागी, प्रखर पटेल, कमलेश रजक, समीर खान, अभिषेक यादव, अभिषेक श्रीवास, पंकज उसराठे, आकाश खत्री ने हर्ष व्यक्त किया है।

## पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय मण्डला में मनाया गया वार्षिक खेल दिवस

# स्वस्थ शरीर में ही होता स्वस्थ मस्तिष्क






*** जिला कलेक्टर ने छात्रों को किया संबोधित।**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मण्डला

विद्यार्थी जीवन में की गई मेहनत कभी निष्फल नहीं होती। कड़ी मेहनत और अनुशासन भविष्य को बेहतर बनाता है। इस आशय का विचार कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय मंडला में आयोजित वार्षिक खेल दिवस के कार्यक्रम में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि सभी विद्यार्थी अपना लक्ष्य निर्धारित करें तथा उसे हासिल करने के लिए योजनाबद्ध रूप से पढ़ाई करें। कार्यक्रम में प्राचार्य उपेंद्र कुमार, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य, शिक्षक, अभिभावकगण तथा विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने कहा कि जीवन में अनुशासन का बहुत महत्व है। सभी विद्यार्थी दैनिक जीवन में भी अनुशासन का पालन करें, दिनचर्या को व्यवस्थित बनाएं। उच्च शिक्षा प्राप्त कर अभिभावकों के सपनों को पूरा करें साथ ही स्कूल का नाम रोशन करें। कलेक्टर ने संबोधन में अपने स्कूली जीवन के अनुभव भी साझा किए।

### पढ़ाई के साथ-साथ खेल गतिविधियों में भी हिस्सा लें

कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने विद्यार्थियों से कहा कि जीवन में सफलता हासिल करने के लिए शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहना आवश्यक है। सक्रिय रहें, स्वस्थ रहें। सभी विद्यार्थी पढ़ाई के साथ-साथ खेल गतिविधियों में भी हिस्सा लें। खेल को अपनी दिनचर्या में शामिल करें। वर्तमान समय में खेल में भी बहुत विकल्प हैं। कलेक्टर ने अपने संबोधन में योग से होने वाले लाभ के बारे में भी जानकारी दी। इससे पूर्व कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने ध्वजारोहण एवं मशाल प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

### आयोजित की गई खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियाँ

पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय के वार्षिक खेल दिवस के कार्यक्रम में विभिन्न खेल तथा सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित की गई। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के तहत जुंबा डांस, विविधता में एकता नृत्य, एक भारत श्रेष्ठ भारत की झांकी, राजस्थानी कालबेलिया डांस, तेरह ताली एवं हरियाणवी डांस की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई। खेल गतिविधियों के तहत बालक-बालिका वर्ग की 100 मीटर दौड़, रिले दौड़, जलेबी दौड़ और बोरा दौड़ प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सफल प्रतिभागियों को पुरूस्कृत किया गया। इससे पूर्व सदनवार परेड प्रदर्शन कर विद्यार्थियों द्वारा शपथ ग्रहण की गई।





# अपने धर्म और संस्कृति की रक्षा स्वयं करनी होगी-शंकराचार्य



*** 17 दिसम्बर से 25 दिसम्बर तक होगा श्रीअष्ट लक्ष्मी महायज्ञ।**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मण्डला

17 दिसम्बर से 25 दिसम्बर तक श्रीअष्ट लक्ष्मी महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत महापुराण का संगीतमय आयोजन मेहर बाबा कुटी मैदान देवदरा मण्डला में किया जाना है इस पुनीत कार्य की शुरूआत के अवसर पर शुक्रवार को द्वारका शारदापीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती जी महाराज का महिष्मति नगरी में आगमन हुआ। महाराज श्री का नगर में जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। तद्उपरांत महाराज श्री को कार्यक्रम स्थल लाया गया। जहां पर धर्मप्रेमियों ने पुष्पवर्षा करते हुए उनका भव्य स्वागत किया। धर्मसभा के आरंभ में मुख्य यजमान गोवर्धन प्रसाद अग्रवाल एवं श्रीमति हेमलता अग्रवाल एवं श्री रावत ने महाराजश्री का पादुका पूजन करते हुए संकल्प लिया। महाराज श्री ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मंदिर दर्शन से पूजा का फल मिल जाता है। ओम के ऊपर की बिंदु ही मां है वेद-शास्त्रों के अनुसार आचरण करना ही मनुष्यता है। महाराज श्री ने कहा कि जब युग परिवर्तन होता है तब सब कुछ जलमग्न हो जाता है। उस समय सिर्फ के ऊपर की बिंदु का विलय नही होता यही बिंदु माँ है। जिससे पुनः सृजन होता है संसार के सभी शब्द सभी प्रत्यक्ष-प्रत्यक्ष वस्तु भी इस माँ शब्द के आगे बौने है। सनातनी हिन्दू हो तो पूजा पद्धति का ज्ञान आवश्यक है। वेद-शास्त्रों के अनुसार आचरण जरूरी है पूजा करना करवाना यज्ञ करना करवाना, गौ सेवा करना गौदान करना आवश्यक है। यह भी कहा कि अध्यात्म में मनुष्य तीन प्रकार के कर्म करता है। धार्मिक कार्य यज्ञ अनुष्ठान इत्यादि इष्ट कर्म होते है। मंदिर, अस्पताल,स्कूल आदि का निर्माण करवाना पूरित कर्म होते हैं। वहीं यज्ञ, अनुष्ठान की दक्षिणा को बाद दी जाने दक्षिणा दत्त कर्म कहलाते हैं। बड़े भाग्य से ये मनुष्य तन प्राप्त हुआ है। वेद शास्त्रों के अनुसार चलना ही मनुष्यता है। मोक्ष प्राप्ति के लिए ही मनुष्य रूप मिला है लेकिन सत्कर्म करोगे तो मोक्ष मिलेगा। अगर सत्कर्म नहीं करोगे, तो अनेक योनियों में भटकना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि धर्म की रक्षा करना राजा का काम हैं राजा अगर अच्छा है तो धर्म और सनातन दोनो बचे रहेगे वहीं उन्होंने स्कूलों में धार्मिक पढ़ाई न होने पर चिंता भी व्यक्त की उनका मानना है स्कूलों में धार्मिक पढ़ाई भी होनी चाहिए। सांस्कृति और संस्कार को बचाए रखना आज चुनौती बन गया है। इस दौरान उन्होंने उपस्थितजनों को धर्म-अधर्म मानव सेवा शोषित पीड़ितों की सेवा के साथ ही गौसेवा करने का आव्हान भी किया है। अष्टलक्ष्मी महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत महापुराण यज्ञ में जिस गौर गणेश का पूजन होगा यह गौर गणेश की गोबर की मूर्ति भारत की सबसे बड़ी गौशाला जडखोर राजस्थान की गौशाला से लाई गई है।

# पुलिस, नक्सल मुठभेड़ में 14 लाख के ईनामी हार्डकोर नक्सली ढेर

*** जिला बल बालाघाट, मंडला एवं हॉक फोर्स के संयुक्त अभियान में खमकोदादर जंगल में मुठभेड़।**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मण्डला



बालाघाट के थाना गढ़ी अन्तर्गत खमकोदादर जंगल क्षेत्र में कान्हा-भोरमदेव के नक्सलियों के एक समूह की उपस्थिति में विशेष आसूचना के आधार पर जिला बल बालाघाट, जिला बल मंडला एवं हॉक फोर्स का ज्वाईंट ऑपरेशन 14 दिसम्बर को खमकोदादर जंगल क्षेत्र में लॉन्च किया गया। सर्चिंग के दौरान जब बल इस क्षेत्र में नक्सलियों की तलाश कर रहा था, इसी दौरान पूर्व से घात लगाकर बैठे हुए 10-12 नक्सलियों के एक समूह द्वारा पुलिस पार्टी पर अंधाधुंध फायर किया गया। जिसमें जवानों द्वारा की गई नियंत्रित लेकिन प्रभावी जवाबी फायरिंग में एक हार्डकोर पुरूष नक्सली मारा गया, जिसके पास से एक 315 बोर राइफल बरामद की गई है।

### मारे गये नक्सली की पहचान हुई :

बताया गया कि मुठभेड में मारे गए नक्सली की पहचान चैतु उर्फ हिडमा मडकाम 22-25 वर्ष, निवासी ग्राम पम्परा, ब्लॉक भैरमगढ़ जिला बीजापुर छत्तीसगढ़ एसीएम, दामा उर्फ मंगू के गार्ड के रूप में की गई। एमएमसी जोन अंतर्गत मलाजखण्ड एरिया कमेटी जिला बालाघाट में सक्रिय था। चैतु उर्फ हिडमा मडकाम वर्ष 2012 में नक्सल दलम में शामिल होकर दण्डकारण्य जोन में प्लाटून-02 में सक्रिय रहा।

### सक्रिय था चैतु

बताया गया कि चैतु उर्फ हिडमा मडकाम को वर्ष 2020 में दण्डकारण्य जोन से बदली कर एमएमसी जोन में भेजा गया। एमएमसी जोन में मलाजखण्ड एरिया में सक्रिय रहने के बाद इसकी सक्रियता को देखते हुये एमएमसी जोन स्पेशल कमेटी के सचिव दामा उर्फ मंगू की गार्ड टीम में रखा गया था। नक्सली चैतु उर्फ हिडमा मडकाम को दलम में पर्सनल वेपन के रूप में एक 315 बोर राइफल दी गई थी। चैतु की सक्रियता को देखते हुये इसे इंसास एलएमजी चलाने की भी ट्रेनिंग दी गई थी। मुठभेड़ के दौरान मृत नक्सली चैतु से एक 315 बोर राइफल बरामद की गई है। पूर्ण संभावना है कि कुछ और नक्सली घायल हुए हों, इसके लिए सीआरपीएफ और हॉक फोर्स टीमों के द्वारा इस क्षेत्र में बड़े स्तर पर संघन सर्चिंग अभियान चलाया जा रहा है।

## अयोध्या श्री राम मंदिर के अक्षत कलश ज्वालाजी मंदिर पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मण्डला



पवित्र धाम अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम लाल का भव्य मंदिर निर्माण पूर्णता की ओर है। 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा मंदिर में की जाएगी, अयोध्या से पवित्र अक्षत कलश मंडला नगर में आए हैं। महाराजपुर उपनगर से आज ढोल बाजे आतिशबाजी और भगवान श्री राम के जयकारे लगाते हुए मां सिंगवाहिनी मंदिर राम भक्त पहुंचे मंडला से अनेक नाव द्वारा राम भक्त कलश लेकर शोभा यात्रा के साथ महाराजपुर पहुंचे यहां कलश की चित्रगुप्त मंदिर में पूजा की गई इसके साथ पूर्णानंद शिव मंदिर, शनि मंदिर में पूजन कर ज्वाला जी मंदिर में कलश स्थापित किए गए हैं ,महिला मंडल द्वारा श्री राम के भजन कीर्तन किए गए।16 दिसंबर शनिवार को दोपहर दो बजे ज्वाला जी मंदिर से कलश यात्रा आरंभ होगी जो महाराजपुर हनुमान जी वार्ड बूढ़ीमाई वार्ड के सभी प्रमुख मंदिर में पहुंचेगी और पूजा अर्चना की जाएगी।17 दिसंबर को बूढ़ी माई संगम मंदिर से कलश की शोभा यात्रा निकाली जाएगी जो महाराजपुर बजरंग चौराहा स्थित हनुमान मंदिर संतोषी माता मंदिर पंचमुखी हनुमान मंदिर मंगलेश्वर मंदिर में पहुंचेगी। राम भक्तो ने इस शोभा यात्रा में शामिल होने सभी नागरिकों से आग्रह किया है।

## अमल ज्योति विद्यालय में वार्षिकोत्सव समारोह धूमधाम से मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मण्डला



अमल ज्योति हा. से. विद्यालय महाराजपुर में विद्यालय स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर सिल्वर जुबली कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक मण्डला रजत सकलेचा का स्वागत विद्यालय के बैंड्दल द्वारा स्वागत धुन के साथ कार्यक्रम स्थल तक लाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत परम्परा अनुसार मुख्य अतिथि, कार्यक्रम अध्यक्ष फादर जेराल्ड अलमेडा सम्मानीय अतिथि सिस्टर लिसी ऑगस्टिन मैनेजर सिस्टर सारथो, सिस्टर फीना प्राचार्या सिस्टर निर्मल मारिया, के द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। सिस्टर सारथो के द्वारा मुख्य अतिथि एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष का स्वागत मिस्टर शिवनंदन धनगर के द्वारा एवं सिस्टर लिसी आगस्टिन का स्वागत सुपीरियर सिस्टर फीना द्वारा पुष्पगुच्छ देकर किया गया। आगंतुक अतिथियों और पधारे हुए व्यक्तियों के स्थान ग्रहण करने के पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। समारोह में विद्यार्थियों द्वारा पेश किए गए स्वागत नृत्य एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं मंचीय प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया। हिंदी नाटक के माध्यम से लोगो के जीवन को खुशियों से कैसे प्रकाशित किया जाता हैं यह संदेश दिया गया। कार्यक्रम के मध्य में प्रतिभाशाली छात्र/छात्राओं जिन्होंने बोर्ड परीक्षा 2022-23 में राज्य एवं जिला स्तर पर विद्यालय का नाम गौरवांवित किया उन्हें मंच पर बुलाकर मुख्य अतिथि के माध्यम से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि महोदय के द्वारा मंच के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि मैं छात्र/छात्राओं से कहना चाहता हूँ कि किसी भी कार्यक्रम में भाग लेने के लिए अपने आप आगे आना चाहिए जिससे आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। विद्यालय की प्राचार्या सिस्टर निर्मल मारिया द्वारा विद्यालय की प्रगति रिपोर्ट पढ़ी गई।



**समीक्षा** | **विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम शिक्षकों के कार्य को प्रदर्शित करता है-डॉ. सिडाना।**

# परीक्षा परिणाम के आधार पर ही गोपनीय प्रतिवेदन

*** कलेक्टर ने की शैक्षणिक गतिविधियों की समीक्षा।**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मण्डला




बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियों के संबंध में आयोजित बैठक में कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने निर्देशित किया कि सभी शालाओं में पाठ्यक्रम समय पर पूरा करें। शिक्षा की गुणवत्ता पर ध्यान दें। विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम शिक्षकों के कार्य को प्रदर्शित करता है। परीक्षा परिणाम के आधार पर ही संबंधितों का गोपनीय प्रतिवेदन लिखा जाएगा। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को शालाओं की सघन मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने निर्देशित किया कि परीक्षा परिणामों को बेहतर बनाने के लिए, शालावार, छात्रवार रणनीति बनाएं। इस संबंध में सभी प्राचार्य अपने शिक्षकों की बैठक आयोजित कर योजना तैयार करें। प्रत्येक विद्यार्थियों की विषयवार कठिनाईयों का चिन्हांकन करें तथा अतिरिक्त कक्षाओं के माध्यम से उनके निराकरण की कार्यवाही करें। प्रत्येक शाला से कम से कम एक बच्चे को मेरिट लिस्ट में शामिल कराने का प्रयास करें। पूर्व वर्षों के प्रश्नपत्र हल कराकर बच्चों को बेहतर करने के लिए प्रोत्साहित करें। विज्ञान, गणित एवं अंग्रेजी विषय पर विशेष ध्यान दें। तिमाही तथा छःमाही के परीक्षा परिणामों का विश्लेषण करें तथा कमजोर बच्चों के लिए उपचारात्मक शिक्षण की व्यवस्था करें।

कलेक्टर ने निर्देशित किया कि कोई भी अधिकारी शिक्षकों का संलग्नीकरण न करें। यदि किसी शाला में शिक्षक संलग्न करने की आवश्यकता है तो कारण सहित प्रस्ताव भेजकर सक्षम अधिकारी से अनुमति प्राप्त करें। कलेक्टर ने कहा कि अतिथि शिक्षकों के कार्य का भी आंकलन करें तथा बेहतर प्रदर्शन करने पर ही आगामी वर्षों में उन्हें अवसर प्रदान करें। जिला योजना भवन में संपन्न हुई इस बैठक में सहायक कलेक्टर अर्थ जैन, सहायक आयुक्त जनजाति कार्यविभाग लालशाह जगेत, जिला शिक्षा अधिकारी मुन्नी वरकड़े, समस्त बीईओ, बीआरसी सहित संबंधित उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### फांसी लगाकर की आत्महत्या

**गाडरवारा।** समीपस्थ सांईखेड़ा पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम तूमडा निवासी अखिलेश पिता रघवीर चौधरी उम्र 19 वर्ष द्वारा अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्म हत्या किये जाने पर पुलिस द्वारा मर्ग कायम करते हुये मामले को जांच में लिया गया है।वही युवक द्वारा उठाये गये इस कदम के पीछे छिपे हुये सही कारणों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

### लाठी मारकर किया घायल

**गाडरवारा।** स्थानीय पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस समीपस्थ ग्राम कामती निवासी अयान पिता अमीर खान उम्र 17 वर्ष द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि किसी बात को लेकर उसके साथ वही के निवासी शेख गफ्फार खान द्वारा किसी बात को लेकर गंदी गंदी गालिया देते हुये लाठी से मारपीट कर चोटे पहुंचाई व जान से मान से मारने की धमकी दी गई जिसके चलते पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### युवक की ट्रेन से कटकर हुई मौत

**गाडरवारा।** रेल पुलिस विभाग के कर्मचारी द्वारा पुलिस थाने में सूचना दी गई कि ग्राम बरांझ के पास एक युवक की ट्रेन से कटकर मौत जिसको लेकर पुलिस द्वारा जब मौके पर देखा गया तो मृतक के पहचान जगदीश पिता बाबू लाल कहार उम्र 50 वर्ष निवासी बरेली बरहटा के रूप में करते हुये मृतक के शव का पंचनामा बनाते हुये मर्ग कायम कर जांच में लिया गया है। वही युवक के ट्रेन से कटने के कारणों का पता किया जा रहा है।

चीचली। स्थानीय पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस संदीप नामक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह अपने किसी काम से कही जा रहा था उसी दौरान कांच मंदिर के पास ट्रेक्टर क्रमांक एम पी 49 ए बी 3420 के चालक द्वारा तेज गति व लापरवाही पूर्वक चलाते हुये टक्कर मारकर चोट पहुंचाई। घटना को लेकर पुलिस ने आरोपी ट्रेक्टर चालक के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### मंडी परिसर में दांत से काटकर किया घायल

**गाडरवारा।** पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम बगदरा निवासी प्रेम लाल पिता रामा रजक उम्र 35 वर्ष द्वा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह अपने किसी काम से जवाहर कृषि मंडी आया हुआ था उसी समय ग्राम बगदरा ही निवासी हरिगोविंद साहू द्वारा किसी बात को लेकर गंदी गंदी गालिया देते हुये दांत से काटकर चोट पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### आधी रात को महिला के घर में घुसकर दुष्कर्म की घटना को दिया अंजाम

**गाडरवारा।** सालीचौका क्षेत्र में मनचलों के हौसले इतने बुलंद होते हुये नजर आ रहे है कि वह रात के समय घरों में जबरन घुसकर महिलाओं के साथ मनमानी से नही चूक रहे है। हालत अब यह बन रहे है कि महिलाये अपने घरों के अंदर भी अपने आपको असुरक्षित महसूस करते हुये देखी जाने लगी है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिनों समीपस्थ सालीचौका पुलिस चौकी के अंतर्गत ग्राम खैरूआ में देखने मिली जहां पर एक मनचले द्वारा आधी रात को जबरन घर के अंदर घुसकर एक युवती के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम खैरूआ निवासी एक 27 वार्षिय विवाहित युवती द्वारा पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह रात लगभग 12 बजे अपने घर के अंदर थी उसी समय गांव का ही प्रहलाद अहिरवार नामक युवक जबरन घर के अंदर घुसकर जान से मारने की धमकी देते हुये दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया।

## लगातार आवाज उठाये जाने के बाद भी नहीं दिया जा रहा कोई ध्यान

# नगर में बने हुये शासकीय भवनों को लेकर संबंधित विभागों की उपेक्षा के चलते हो रहे खंडहर

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** इस समय सिर्फ शहर ही नही बल्कि संपूर्ण क्षेत्र में शासन द्वारा अपनी राशि खर्च करते हुए जिस प्रकार से भवनों का निमार्ण कार्य कराया जा रहा है उसके चलते लगातार देखा जा रहा है कि अब हर गांव में शासकीय भवन दिखाई दे रहे है। वही दूसरी ओर यदि नगर में शासकीय भवनों की सच्चाई पर गौर किया जावे तो जिस प्रकार से शासन के विभिन्न मदों से नगर में भवनों निर्माण हुआ है उसके चलते स्थिति इस प्रकार से देखी जा रही है कि अब शासकीय भवनों की गिनती करना भी मुश्किल होने लगा है जिसका परिणाम है कि अनेक भवन तो इस प्रकार से दिखाई दे रहे है कि शासन द्वारा उन भवनों के निर्माण को लेकर जिस उद्वेश्य से राशि खर्च की गई है उन भवनों में शायद ही उनका अतिथियों द्वारा फीता काटने के बाद नगर के किसी व्यक्ति द्वारा उपयोग किया गया हो? वही दूसरी ओर नगर में वर्षो पुराने भवन जिस प्रकार से खंडहर होते हुए दिखाई दे रहे है..? उन्हें देखकर अनुमान लग रहा है कि यदि सरकार द्वारा नगर में करोड़ो की राशि खर्च करते हुए जिस प्रकार से नगर से दूर व पहुंच विहीन जगहों पर जिस प्रकार से भवनों का निर्माण किया गया है जो आम लोगों के अनुपयोगी साबित हो रहे है यदि वही राशि खर्च करते हुए खंडहर हो रहे इन सरकारी भवनों में लगाई गई होती तो निश्चित ही इन भवनों की सूरत बदल जाती तथा आमजन के लिए काफी हद तक उपयोगी भी शाबिल होने लगते? यह बात सर्व विदित है कि नपा.लोक निर्माण विभाग एवं नजूल विभाग की बहुत सी कीमती भूमि अतिक्रमण की भेंट चढ़ चुकी है और वर्तमान में भी लगातार चढ़ती चली जा रही है। पिछले सालों में प्रशासन की तरफ से शासकीय भूमि को लोगों से मुक्त कराने के लिए अतिक्रमण अभियान जरूर चलाये गए थें। लेकिन नतीजा हकीकत मे सिफर रहा है, जिसकी वजह से शासन



की जिस जमीन पर बेरोजगार युवकों के लिये दुकाने, व्यवसायिक काम्लेक्स या गरीबों के लिए छोटे आवास बनने थें । मगर उसे पर नगर में स्वार्थी व्यक्तियों ने अपने कब्जे मे ले लिया है? उल्लेखनीय है कि प्रशासन तंत्र को सरकारी जमीन बचाने मे तो कोई खास कामयाबी नही मिली, इसके साथ ही वह पुराने शासकीय भवनों की सुरक्षा के प्रति भी लापरवाह नजर आ रहा है? इसकी मिसाल नगर के पलोटन गंज मे स्थित पुराने जनपद तथा कृषि विभाग की खंडहर मे तब्दील हो रही इमारत की शोचनीय दशाा पेश कर रही है। बताया जाता है कि शासन की इस बहुमूल्य जमीन पर बने उक्त विशाल भवनों की सुन्दर बनावट, इनमे लगें रोशन दान, प्रयुक्त की गयी सागौन की लकड़ी पर बरबस आज भी शहरवासियों का ध्यान जाता है तो वे लोग इनके मालिक शासन प्रशासन को कौसे बिना नही रहते है। ज्ञातव्य है कि अपने अतीत पर ऑसू बहा रहे जनपद पंचायत भवन मे वर्षो जनपद पंचायत सांईखेडा का कार्यालय रहा है, बाद मे सभी काम काज विकासखंड सांईखेड़ा के तहत होने की स्थिति मे उक्त भवन पर ताले लग गए। फिलहाल पुलिस थाने के सामने की धर्मशाला के साथ ही पलोटन गंज का जनपद भवन विकासखंड सांईखेड़ा के आधिपत्य बताया जाता है? परन्तु जर्जर होते चले जाने के बावजूद इस भवन के जीर्णोद्धार के सार्थक प्रयास नही किए जा रहे है, जिससे आशंकाएॅ व्यक्त की जा रही है कि पुराना जनपद भवन कभी भी धराशायी हो सकता है..? लगभग यही हाल पलोटन गंज शक्तिधाम के पीछें कृषि विभाग के अधीन आने वाले बड़े भवन का भी जान पड़ रहा है? जो मौजूदा दौर मे बताया जाता है कि कृषि विभाग के इस भवन की कीमत लगभग एक करोड़ रूपए से अधिक होगी है..? जिसमें तोड़फोड करते हुए एक अलग भवन का निर्माण तो हो गया है मगर यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो यदि इस भवन का बड़ी अच्छी सोच के साथ निर्माण किया गया होता तो और अधिक उपयोगी साबित हो सकता था? ज्ञातव्य है कि इन भवनों के तालों मे जंग लग गयी है और इस इमारत की सुधि लेने मे बरती जा रही उदासीनता का परिणाम है कि इन भवन की दीवारे और ऊपरी हिस्सा क्षतिग्रस्त होता चला जा रहा है, इसके अग्रभाग की बहुत बड़ी दहलान की दुरवस्था तो जग जहिर है ही साथ ही वास्तविकता यह भी है कि आमजनों ने इन भवन को प्रसाधन केन्द्र मे परिवार्तित कर इसके आंतरिक हिस्से को भीषण गंदगी से सरोबार कर दिया है। सूत्रों के मुताबिक बहर हाल लगातार इन जर्जर हो रहे भवनों की बेश कीमती सागौन की लकाड़यॉ चोरी होती चली जा रही है और रात मे असामाजिक तत्वों की कार गुजारियों का यह अड्डा बन गये है? जागरूक नागरिको का कहना है कि प्रशासन का दायित्व है कि वह शासन की भूमि, भवनो की हिफाजत करें मगर यहॉ तो उलटी गंगा बह रही है, जो शासकीय भवन ऑधी, वर्षा सहते हुए किसी प्रकार अपने अस्तित्व को बचाये हुए है उन्हे भगवान भरोसे छोड़ दिया गया है, यदि शासन द्वारा इन भवनों को तोड़कर काम्पलेक्स का निर्माण करा देती है तो निश्चित तौर से इन भवनों में निकलने वाली दुकानों से अनेक बेरोजगार अपनी दुकानदारी करते हुए अपना भरण पोषण कर सकते है, वही दूसरी ओर शासन को भी प्रतिमाह हजारों रूपया की आये होने लगेगी? मगर खंडहर हो रहे इन भवनों की ओर न तो शासन प्रशासन के अधिकारी ध्यान दे रहे है और न ही जनपद विभाग? आमजन द्वारा अधिकारियों से अपेक्षा की है कि उक्त भवनों को सुरक्षित कराने की दिशा मे पहल करें, जिससे लोगों को लाभ मिलने से साथ साथ शासन की आय में बढ़ोत्तरी तो होगी ही वही इस नगर को सुन्दरता भी मिल जावेगी।

# शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में खुलेआम चल रहा मिट्टी का अवैध उत्खनन


**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** इस समय देखा जा रहा है कि में जहां रेत का खनन तो चल ही रहा है साथ साथ मिट्टी का अवैध खनन भी जोरो पर दिखाई देने से नही चूक पा रहा है, अनेक जगहों पर बन रही कालोनियों से लेकर अन्य निर्माण कार्यो को पूर्ण करने के लिए जिस प्रकार से क्षेत्र में मिट्टी का अवैध खनन कराया जा रहा है उसके चलते शासन को राजस्व की क्षति पहुंच रही है तो दूसरी ओर मिट्टी परिवहन करने वाले धडल्ले से अधिकारियों की आंखों के सामने से गुजरते हुये देखे जा रहे है? इस तरह से क्षेत्र में प्रभावशालियों द्वारा अनेक जगहों पर मशीनों के माध्यम से जिस प्रकार बडे स्तर पर मिट्टी का अवैध खनन किया जा रहा है उसके चलते प्रति दिन सैकड़ो ट्राली मिट्टी निकाली जा रही है। मगर प्रशासन की उदासीनता के चलते इस अवैध कार्य को जहां बल मिलते हुए देखा जा रहा है। वही दूसरी ओर शासन को राजस्व की हानि भी पहुंच रही है? बताया जाता है कि नियम के अनुसार यदि कोई भी व्यक्ति अपनी निजी जगह से इस प्रकार मिट्टी का खनन करता है तो उसकी भी उसे संबंधित विभाग से अनुमति लेना अनिवार्य होती है? वही नियम के जानमकारों का तो यह तक कहना है कि कोई भी व्यक्ति अपने अधिपत्य की भूमि से सिर्फ एक निर्धारित मात्रा तक निजी उपयोग हेतु मिट्टी निकाल सकता है। मगर उसे बेचने का अधिकार नही होता है और निधारित मात्रा से अधिक खुदाई की जाती है तो वह अवैध खनन की श्रेणी में मानी जाती है? मगर इस समय जिस प्रकार से शहर के आसपास से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में मशीनों के माध्यम से प्रति दिन सैकड़ो ट्राली मिट्टी निकाली जा रही है वह निश्चित की नियम विरूद्व दिखाई पड़ने के बाद भी प्रशासन की चुप्पी अनेक संदेहों को जन्म देते हुए दिखाई पड़ रही है? इस संबंध में मिल रही जानकारियों के अनुसार कुछ क्षेत्र के भूमि मालिकों को कालोनाईजरों या फिर निर्माण कार्य करने वाले ठेकेदारों द्वारा धन को लालच देते हुए जहां उनकी निजी भूमि से खुलेआम भारी



मात्रा में मिट्टी का खनन किया जा रहा है। वही कुछ जगहों पर तो शासकीय भूमि को खोदकर निकाली गई मिट्टी के चलते वहां पर जान लेवा गड्ढे बनकर रह गये है जो आने वाले समय में इस क्षेत्र के लोगों के जीवन को संकट में डालने से नही चूकेगे? इस तरह से क्षेत्र में चल रहे बड़े स्तर पर मिट्टी के अवैध खनन को लेकर जब क्षेत्र के कुछ सरपंचों से पूछा गया तो उनके द्वारा भी इस प्रकार से चल रहे मिट्टी के अवैध खनन को लेकर किसी भी प्रकार की अनुमति प्रदान करने की बात को लेकर इंकार करते हुए बताया गया है कि पता नही इस प्रकार से इन ठेकेदारों द्वारा किसी अनुमति से मिट्टी निकाली जा रही है? अब सबाल यह पैदा हो रहा है कि जब क्षेत्र की पंचायतों के सरपंचों द्वारा अनुमति देने की बात तो दूर उन्हें जानकारी तक नही है इसे बाद भी क्षेत्र के लोगों द्वारा जहां अपनी निजी भूमि से मिट्टी से निकलवाते हुए पैसा बसूले जा रहे है तथा शासकीय भूमि को भी नही बख्सा जा रहा है? जबकि बताया जाता है कि जब कही किसी भी क्षेत्र में इस प्रकार से मिट्टी निकाली जाती है तो उसे क्षेत्र के सरपंच से अनुमति प्रदान करने के साथ साथ अन्य अधिकारियों से भी अनुमति लेना अनिवार्य होता है जिसमें प्रमुख रूप से पंचायत सरपंच की अनुमति प्रमुख मानी जाती है? मगर इस क्षेत्र में पंचायत सरपंचों की अनुमति के बगैर ही प्रति दिन सैकड़ो ट्राली मिट्टी खुलेआम निकाले जाने के बाद भी प्रशासन द्वारा इस सच्चाई को नजर अंदाज किये जाने से अनुमान लग रहा है कि कही ऐसा तो नही प्रशासन के अधिकारियों द्वारा अपने स्तर पर लक्ष्मी पूजन करते हुए सभी नियमों को दर किनार कर निकालते हुये शहर में अधिकारियों की आंखों के सामने धडल्ले से परिवहन करते हुये लाई जाने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारियों की चुप्पी निश्चित तौर से अनेक संदेहों को जन्म देने से नही चूक पा रही है?

# ग्रामीण क्षेत्रों में चालू कम, बंद ज्यादा पड़ी हुई नलजल योजनायें

### शोभा की सुपारी साबित हो रही लाखों की राशि से बनी टंकी



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** शासन प्रशासन द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल सुविधा की दृष्टि से भले ही नल-जल योजनाओं का गांव गांव शुभारंभ किया जा रहा हो जिसके चलते सरकार का प्रतिवर्ष करोड़ो रूपया भी पानी के नाम पर पानी की तरह ही बहते हुए देखा जा रहा है। लेकिन इन योजनाओं का ग्रामीणों को समुचित लाभ नहीं मिल पा रहा है, जिसके सच्चाई क्षेत्र की अनेक पंचायतों में देखने आसानी से मिल सकती है, क्योंकि सरकार द्वारा पूर्व में लाखों रूपया खर्च करते हुए अनेक पंचायतों में इस नल जल योजना का शुभारंभ तो कर दिया गया था। मगर वह सिर्फ कागजों तक ही सीमित होकर रह चुकी है। क्योंकि क्षेत्र के अनेक पंचायतों में शुभारंभ के कुछ समय बाद से ही यह योजनाएं बंद पड़ी हुई हैं। बताया जाता है कि नलजल योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में पीने के पानी की सुविधा के लिए पंचायत स्तर पर शासन प्रशासन द्वारा नल-जल योजना और स्थाई जल योजना चलाई गई थी, जिसके चलते कई पंचायतों में इन योजनाओं का शुभारंभ भी किया गया था। लेकिन योजनाओं से ग्रामीणों को कोई खास लाभ नहीं मिल पा रहा है और जल संकट हर तरफ बढ़ता ही जा रहा है, हालाकि योजनओं का उद्देश्य ग्रामीणों को पीने का पानी उपलब्ध कराना है, लेकिन इस योजना के तहत डाली गई लाईनों से पानी सप्ताह में एकाध बार भी पानी सही ढंग से नहीं मिलता है। इतना ही नही कई पंचायतों की स्थिति तो इस प्रकार से है कि नलकूपों में बीते लम्बे समय में ताला डला हुआ है। इस सच्चाई के चलते इस योजना के नाम पर शासन के पैसों की बर्बादी ही जान पड़ रही है? इन योजनाओं के बंद होने का कारण भी अलग अलग है। कुछ जल स्त्रोत सूखने व बिजली कनेक्शन कटने तथा अन्य कारणों से बंद हैं। पीएचई विभाग द्वारा इन योजनाओं के शुरू होने के बाद बंद होने पर सूचना मिलने पर भी रूचि न लेकर बंद होने के कारणों को खत्म करने का प्रयास नहीं किया जाता है और न ही दुरूस्तीकरण में कोई रूचि दिखाई जाती है, जिसके चलते आज भी अनेक पंचायतों में ये योजनाएँ बंद पड़ी हुई या फिर होती जा रही हैं। इस योजना को लेकर पीएचई विभाग के अनुसार नल-जल योजना 2 हजार से अधिक आबादी वाले ग्रामीण क्षेत्रों में क्रियान्वित की जाती है तथा इस योजना के तहत एक ट्यूबवैल से अनेक नल कनेक्शन पाईप लाईन में बिछाकर दिये जाते हैं, घरों में कनेक्शन के बाद पानी की सप्लाई पंचायत स्तर से प्रति दिन या फिर वहां पर जैंसी पानी की स्थिति होती है के अनुसार की जाती है बदले में पंचायत द्वारा कनेक्शनधारियों से शुल्क भी लिया जाता है। इस प्रकार से एक हजार से कम आबादी वाले ग्रामीण क्षेत्र में स्थल जल योजना संचालित की जाती है। इस योजना में ट्यूबवैल का खनन करके उसी में मोटर पंप लगाकर कई नल लगा दिये जाते हैं और ग्रामीणों को स्पाट पर ही पानी दिया जाता है, इस योजना में घरों में कनेक्शन नहीं दिये जाते हैं, लोगों को ट्यूबवैल पर ही लगे नलों से पानी भरना पड़ता है, इस योजना को नल-जल योजना में गांव की आबादी बढ़ने पर परिवर्तित कर दिया जाता है।

# आखिर में जल विहीन नहरों का क्या औचित्य, जब किसानों को मौके पर नहीं मिल पा रहा है पानी

**हरिभूमि न्यूज/मनकवारा।** इस समय देखा जा रहा है कि क्षेत्र का किसान नही मिल पाने के कारण अपनी फसलों को लेकर परेशान देखे जा रहे है, वही दूसरी ओर स्थिति इस प्रकार से है कि वह आगामी फसलों की तैयारियों को लेकर पानी की व्यवस्था तक पूरी करने में असमर्थ महसूस करने से नही चूक रहे है, मगर वही दूसरी ओर गौर किया जावे तो क्षेत्र में जहां शासन द्वारा करोड़ो रूपया खर्च करते हुए क्षेत्र के किसानों के खेतों में से नहरों का निर्माण तो कर दिया गया है, मगर उन नहरों में जरूरत के समय पानी नही आने के कारण उनके औचित्य पर भी सबाल खड़े होने लगे है। यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो जब क्षेत्र में नहरों के निर्माण कार्य की शुरूआत हुई थी उस समय क्षेत्र के किसानों के चेहरों में इस सोच के साथ खुशी झलक रही थी कि क्षेत्र में नहरों का निर्माण होने के कारण उनकी जिन्दगी संभल जावेगी? जब नहरों से पानी आवेगा तो वह अपने खेतों में भर पूर फसल लेते हुए खुशहाली से झूम उठेगे, मगर इस समय वह खुशी उनके लिए मात्र एक सपना ही साबित हुए जान पड़ रही है? क्योंकि क्षेत्र में बनी हुई नहरे मात्र उन्हें चिडाते हुए जान पड़ रही है? क्योंकि क्षेत्र में करोड़ो की लागत से बनी हुई नजरों में पानी नही छोड़े जाने के कारण लोगों कह रहे है कि आखिर में जब नहरें बन ही चुकी है तो फिर इसका लाभ क्षेत्र के किसानों को मिल क्यों नही रहा है क्या यह नहरें सिर्फ दिखाने के लिए ही बनाई गई थी? जो आज मुश्बित के समय किसानों को उपयोगी साबित नही हो रही है तो फिर इनके निर्माण का मतलब ही क्या रह गया है। वही दूसरी ओर गौर किया जावे तो नहरों के निर्माण के बाद संबंधित विभाग द्वारा न तो इनकी सफाई की ओर किसी प्रकार से ध्यान दिया गया है और न ही उन्हें चालू किये जाने की ओर कोई पहल की जा रही है, जिसके चलते उनकी उपयोगिता पर प्रश्न चिन्ह लगता हुआ देखा जा रहा है? क्षेत्र के किसानों का कहना है कि यदि समय रहते हुए इन नहरों में पानी नही छोड़ा गया तो इसके खिलाफ क्षेत्र के लोगों द्वारा आंदोलन जैसे कदम उठाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा जिसके जिम्मेदार नहर विभाग के अधिकारी व नेतागण होगे?

### बीपीएमयू बैठक के दौरान अनेक पहलुओं पर हुई चर्चा

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** विकासखंड चीचली के जनपद शिक्षा केंद्र में विकासखंड प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट एवं एफएलएन कार्यक्रम संबंधित समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बताया जाता है कि इस बैठक को संबोधित करते हुए जिले की निपुण प्रोफेशनल सुश्री नेहा राजन एवं एपीसी एकेडमिक यजुवेंद्र सिलावट द्वारा एफएलएन कार्यक्रम की समीक्षा की गई। एफएलएन सम्बंधित उपलब्धि डाटा को प्रदर्शित किया गया। इस दौरान उनके द्वारा कक्षा पहली व कक्षा दूसरी तथा कक्षा तीसरी की एफएलएन कार्यक्रम में होने वाली मॉनिटरिंग, जनवरी में होने वाले मिडलाइन टेस्ट, एफएलएन के लक्ष्य, आवधिक आँकलन, स्वयं सिद्धि चैट के माध्यम से प्रश्नोत्तरी हल कराना, टैबलेट एवं स्मार्ट क्लास का बहुउद्देशीय उपयोग, टीएलएम की उपयोगिता, निदानात्मक कक्षाओं का संचालन पर विस्तृत सुझाव दिए गए। इस दौरान विकासखंड स्त्रोत संबंधित डी के पटेल एवं बीएसी अरुण दुबे द्वारा वार्षिक कार्य योजना, पीएम पोषण आहार संबंधित दैनिक एवं मासिक आईवीआरएस मैसेज, यू डाइस प्रोफाइल अपडेशन, विद्यांजलि पोर्टल, चैंपियंस शिक्षक संबंधित विस्तृत निर्देश प्रदान किए गए। इस बैठक में एमआईएस कोऑर्डिनेटर दीपक श्रीवास्तव, खुशबू ब्रिजपुरिया, सत्यम ताम्रकार, अजय नामदेव, ललित पाराशर, प्रमोद साहू, हेमंत पटेल, संजय सोनी, हरिओम स्थापक, नीलेश जैन, अभिषेक पराशर सहित कक्षा पहली, दूसरी, तीसरी के एफएलएन के सभी डीआरजी शिक्षकों ने अपनी सक्रिय सहभागिता दी। इस बैठक का आयोजन राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशों के परिपालन एवं जिला परियोजना समन्वयक के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में हुआ।

## खबर संक्षेप

### पार्षद से मिले गर्म कपड़ों से बच्चों के खिले चेहरे



**हरिभूमि न्यूज डिंडोरी।** वार्ड नम्बर 9 की पार्षद स्मिता अजय बर्मन द्वारा शुक्रवार की सुबह आंगनबाड़ी केंद्र में जाकर बच्चों को गर्म कपड़े जर्सी, टोपा, मोजा व हैंड ग्लब्स बांटे गए। गर्म कपड़े पाकर सभी बच्चों के चेहरे खिल गए। इस दौरान वार्ड पार्षद स्मिता बर्मन के साथ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कल्पना ताम्रकार और सहायिका सुनीता बर्मन मौजूद रही।

### सीएम राइज स्कूल भवन निर्माण खुड़िया और देवरी में श्रम अधिनियमों का किया गया उल्लंघन,



**हरिभूमि न्यूज डिंडोरी।** कलेक्टर विकास मिश्रा के निर्देशन में श्रम निरीक्षकों के द्वारा ग्राम खुड़िया और देवरी में सीएम राइज स्कूल भवन निर्माण कार्य का विभिन्न श्रम अधिनियमों के अंतर्गत निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य में श्रम अधिनियमों का उल्लंघन पाया गया। कलेक्टर ने नियमों के उल्लंघन पर ठेकेदारों के विरुद्ध कार्यवाही करने हेतु श्रम विभाग के निरीक्षकों को निर्देशित किया है।

### उज्जवला योजना के आवेदन आमंत्रित

**हरिभूमि न्यूज डिंडोरी।** प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना 2.0 के तहत निर्धन परिवारों को निःशुल्क गैस कनेक्शन प्रदान करने के लिए जिले की प्रत्येक ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकायों में आवेदन फार्म जमा किए जा रहे हैं। निःशुल्क गैस कनेक्शन प्राप्त करने के लिए आवेदिका को निर्धारित मापदंड अनुसार आवेदन करना होगा। हितग्राही पीएमयूवाय योजना अंतर्गत गैस कनेक्शन प्राप्त करने के लिए नजदीकी ग्राम पंचायत एवं नगरी निकाय तथा गैस एजेंसी पर आवेदन फार्म में वांछित दस्तावेज जमा कर ऑयल कंपनी के ओएमसी पोर्टल पर कनेक्शन स्वीकृत उपरांत प्राप्त कर सकते हैं।

## घनघोर जंगलों के बीच आरईएस के अधिकारियों ने मचाई लूट

# जंगल के अंदर अमृत सरोवर निर्माण में उपयंत्री ने किया खेल, तेजी से हो रहा रिसाव





**हरिभूमि न्यूज डिंडोरी।** आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर अमृत महोत्सव मनाया जा रहा हैं,अमृत महोत्सव के दौर को यादगार बनाने के लिए केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी अमृत सरोवर योजना के तहत गांव गाँव में अमृत सरोवर तालाब का निर्माण कार्य कराये गए हैं, डिंडोरी जिले में अमृत सरोवर निर्माण में की गई गड़बड़ी और अधिकारियों की मनमानी, भ्रष्टाचार की दास्तां अमृत सरोवर स्वयं बयां कर रहें हैं। घनघोर जंगलो के बीच जिले के अंतिम छोर में बसे ग्राम पंचायत बंजरा के पोषक ग्राम झामूल में आर ई एस विभाग के द्वारा अमृत सरोवर निर्माण में जमकर भ्रष्टाचार किया गया हैं,प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम झामूल में 29 लाख 99 हजार रूपये की लागत से कराये गए अमृत सरोवर निर्माण में रोलर का उपयोग नहीं किया गया हैं,बेस स्तर में मानक के विपरीत पड़ल का कार्य कराया गया हैं जिससे तालाब में लगभग 20 मीटर से अधिक क्षेत्र से बड़ी तेजी से पानी का रिसाव हो रहा हैं। भ्रष्टाचार के लिए चर्चित उपयंत्री बीडी हरदहा के करगुजारियो की अनेको मामले सामने हैं, ये महाशय ऊँची पहुँच और राजनीतिक रसूख के बलबूते खुलेआम सरकारी खजाना को खुर्दबबुर्द करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहें हैं। तालाब निर्माण हेतु मानक की बात करें तो तालाब की बेस की कम से कम एक मीटर गहरी खुदाई किए जाने का प्रावधान हैं, बेस में काली मिट्टी और पानी को ठीक तरह से मिलाकर कर ठोस पड़ल बनाया जाना हैं जिससे किसी भी हाल में पानी का रिसाव न हो। ग्रामीण रामदयाल धुर्वे ने बताया की इस तरह पानी रिसाव होने से जल्द ही सरोवर सूख जायेगा,ग्रामीणों का कहना है की पडल कार्य में रोलर नहीं चलाया गया हैं जिससे मिट्टी सही तरीके से सेट नहीं हुआ है, जिसके चलते रिसाव हो रहा हैं। घनघोर जंगलो के भीतर निर्माण कार्य स्वीकृत करते हुए कथित अधिकारी नियमों और मानको को ताक में रखकर जंगल राज के तर्ज पर काम करते हुए सरकारी धन का बंदरबाँट करते हैं, लेकिन सरकार नुमाइंदे निरीक्षण के नाम फोटो शूट और स्टंट करते हुए देखें जा सकते हैं, जिससे जिले के विकास कार्यों में गुणवत्ता की कमी और सरकारी धन की व्यक्तिगत लूट चरम पर हैं।

**वन क्षेत्र की पत्थर कराया पिचिंग कार्य-** तालाब निर्माण में पिंचिंग कार्य हेतु फाड़ी काला पत्थर से कार्य कराये जाने का प्रावधान हैं, लेकिन अवैध रूप से वन क्षेत्र से पत्थर निकाल कर पिंचिंग कार्य कराया गया हैं।

## ’नर्मदांचल विद्यापीठ बरगांव में तीन दिवसीय स्पोर्ट्स मीट कार्यक्रम हुआ संपन्न, एएसपी जगन्नाथ मरकाम हुए शामिल




**हरिभूमि न्यूज डिंडोरी।** जिले के जनजाति कल्याण केन्द्र बरगांव स्थित नर्मदांचल विद्यापीठ विद्यालय के द्वारा 13 दिसंबर 2023 से 15 दिसंबर 2023 तक वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के प्रत्येक बच्चों की सहभागिता रही। बच्चों के खेल प्रतियोगिता में कबड्डी, खो-खो, फुटबॉल, व्हालीबॉल, क्रिकेट, कैरम, शतरंज, रेस सहित कई खेलों का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने प्रत्येक खेल में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिए व प्रसन्नता व्यक्त की। शुक्रवार को समापन कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डिण्डौरी जगनाथ मरकाम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे व अभिभावकों में पूजा अग्रवाल, नरोत्तम साहू, रामजी साहू, मनोज साहू, केहरि उसराठे सहित अन्य अभिभावकों की उपस्थिति कार्यक्रम में रही और विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य राम अभिषेक तिवारी क्रांति अग्रवाल तृप्ति चंदेल, शीतलाम पटेल, पूजा, लता, भावना साहू, मीनाक्षी, प्रगति, मुस्कान, शिवम, हिमांशु, दुर्गेश साहू, हर्ष, विवेकानंद साहू सहित सभी शिक्षकों व विद्यालयीन स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।



### ’सात सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल पर ग्रामीण डाक सेवक

**हरिभूमि न्यूज अमरपुर।** अखिल भारतीय ग्रामीण डाक सेवक संघ ने सात सूत्रीय मांगों को लेकर विगत दिवस से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी हैं। इसी कड़ी में संघ के राजीव गौतम के नेतृत्व में प्रदर्शन किया गया। बताया गया कि वर्षों से लंबित मांगों पर कोई निर्णय नहीं होने के चलते ज्वाइंट काउंसलिंग आफ एक्शन के केंद्रीय नेतृत्व के आह्वान पर अखिल भारतीय ग्रामीण डाक सेवक संघ, मंडल शाखा एवं नेशनल यूनियन ऑफ ग्रामीण डाक सेवक ने अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की हैं। संघ की मांग कि 8 घंटे का काम पेंशन सहित सभी सरकारी लाभ दिया जाए, 180 दिनों की छुट्टी को आगे बढ़ाना और नगदी भुगतान करना, ग्रामीण डाक सेवक की एसडीबीएस में सेवा निर्वहन लाभ 3ः से बढ़कर 10ः करें। शाखा डाकघरों का कार्य बढ़ाने के लिए सभी शाखा डाकघरों को लैपटॉप, प्रिंटर और ब्रॉडबैंड नेटवर्क प्रदान करें। ग्रामीण डाक सेवकों का कहना हैं कि जब तक सरकार मांगे नहीं मानती तब तक यह हड़ताल निरंतर चलती रहेगी। विधानसभा सत्र से पहले मांग नहीं मानी गई तो यह हड़ताल उग्र रूप लेगी तथा सड़कों पर धरना प्रदर्शन शुरू किया जाएगा।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज करेंगे



### -मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव उज्जैन में आयोजित कार्यक्रम में होंगे शामिल

**हरिभूमि न्यूज डिंडोरी।** केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने एवं इनसे लाभ लेने वाले हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से आरंभ की जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज शनिवार 16 दिसम्बर को दोपहर चार बजे करेंगे। प्रधानमंत्री वर्चुअल माध्यम से देश भर में यात्रा के अंतर्गत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों से जुड़ेंगे और हितग्राहियों से चर्चा करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव उज्जैन में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। भोपाल जिले का मुख्य कार्यक्रम कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित किया गया है। यहाँ से जिले के लिये प्राप्त विकसित भारत संकल्प यात्रा की आईईसी मोबाइल वैनो को कार्यक्रम के मुख्य अतिथियों द्वारा हरी झण्डी दिखा कर रवाना किया जायेगा।केन्द्र सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का काम आईईसी मोबाइल वैन के जरिए होगा। इसके जरिए प्रधानमंत्री श्री मोदी का संदेश, योजनाओं की जानकारी और योजनाओं से संबंधित चलचित्र प्रदर्शित होंगे। इसके अलावा योजनाओं से संबंधित पाम्पलेट, बुकलेट आदि वितरित करने के साथ-साथ योजनाओं के लाभ लेने के लिए आवेदन, लाभ वितरण भी सुनिश्चित किया जाएगा। योजनाओं के संबंध में जागरूकता के लिए क्विज, सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। लाभार्थियों की व्यक्तिगत सफलता की कहानियों और उपलब्धियों को साझा करने के लिए ‘मेरी कहानी-मेरी जुबानी‘ जैसे कार्यक्रम होंगे तथा धरती कहे पुकार के, स्वच्छता गीत आदि जैसे कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। साथ ही प्राकृतिक खेती, स्वाईल हेल्थ कार्ड के संबंध में जानकारी दी जाएगी।

**स्वास्थ्य मेला और अन्य जरूरी सुविधाओं के लिए कैंप**-विकसित भारत संकल्प यात्रा‘ के अंतर्गत स्वास्थ्य मेला, उज्जवला योजना, आधार कार्ड अपडेटेशन आदि के स्टॉल होंगे। इसके साथ ही नागरिक उपयोगी अन्य सभी योजनाओं का लाभ दिलाने भी इन स्टाल में व्यवस्था होगी। विकसित भारत संकल्प यात्रा‘ के अंतर्गत ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों में संचालित योजनाएं सम्मिलित होंगी। ग्रामीण क्षेत्र में क्रियान्वित आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना, पीएम उज्जवला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान योजना, क्रिसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल-जल जीवन मिशन, स्वामित्व योजना, जन-धन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, नैनो उर्वरक का उपयोग, स्वाइल हैल्थ कार्ड, उन्नत कृषि यंत्र आदि से संबंधित गतिविधियां शामिल होंगी। शहरी क्षेत्रों में पीएम स्वनिधि योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम उज्जवल योजना, पीएम मुद्रा लोन योजना, स्टार्ट-अप इंडिया, स्टेंड-अप इंडिया, आयुष्मान भारत, पीएम आवास योजना शहरी, वंदे भारत ट्रेनें और अमृत भारत स्टेशन योजना, स्वच्छ भारत अभियान, उजाला योजना, अमृत योजना, पीएम जन औषधि परियोजना, सौभाग्य योजना, डिजिटल भुगतान अधोसंरचना, आरसीएस योजना और खेलो इंडिया से संबंधित योजनाएं व गतिविधियाँ शामिल होंगी।

**वेब पोर्टल से होगी मानिटरिंग**-भारत सरकार और पीएमओ द्वारा इस यात्रा की मॉनीटरिंग वेब आधारित पोर्टल से की जाएगी। यात्रा से संबंधित सामग्री इस वेब पोर्टल में साझा की जाएगी। साथ ही हितग्राहियों को दिये जाने वाले लाभ की सूचना इस पोर्टल में होगी। शिविरों में आने वाले आवेदनों के संबंध में भी जानकारी इस पोर्टल में होगी।आज शनिवार को मुख्यमंत्री वीडिया कॉन्फ्रेस में शामिल जनप्रतिधि जिला पंचायत अध्यक्ष रूद्रेश परस्ते, नगर परिषद उपाध्यक्ष श्रीमति अंजू ब्यौहार, नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमति सुनीता सारस, नगर परिषद उपाध्यक्ष श्रीमति सारिका मंटू नायक, भाजपा जिला अध्यक्ष अवध राज बिलैया, सांसद प्रतिनिधि भाजपा नरेन्द्र राजपूत, विधायक प्रतिनिधि भाजपा कृष्णा परमार, कलेक्टर विकास मिश्रा, पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा, अनुविभागीय अधिकारी रामबाबू देवांगन एवं अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# कलेक्टर ने प्रातः भ्रमण के दौरान डिंडौरी नगर का किया निरीक्षण





**हरिभूमि न्यूज डिंडोरी।** कलेक्टर विकास मिश्रा ने मुख्य बस स्टैंड डिंडोरी में साफ सफाई और अन्य सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने नगर परिषद के अधिकारियों को दुकानों को व्यवस्थित कराने और नियमित साफ सफाई के संबंध में सख्त निर्देश दिए हैं। कलेक्टर विकास मिश्रा ने प्रातः भ्रमण के दौरान डिंडोरी नगर में मटन, चिकन शॉप का निरीक्षण किया। उन्होंने दुकान मेंटेनेंस, साफ-सफाई, दुकान नंबरिंग, मार्केट को व्यवस्थित रखने हेतु दिशा निर्देश दिए हैं।कलेक्टर विकास मिश्रा ने आज प्रातः औरई माल (नगर पंचायत डिंडोरी) में प्रधानमंत्री आवास योजना के भवनों (ए.एच.पी.) का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के भवनो में पेयजल आपूर्ति और अन्य व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। आवास भवनों के रहवासियों से चर्चा कर अधिकारियों को समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर विकास मिश्रा ने आज प्रातः नगर भ्रमण के दौरान वार्ड नंबर 6 खनूजा कालोनी में साफ सफाई का जायजा लिया। उन्होंने खुले प्लॉट में कचरा डालने पर आसपास के मकान वालों के नाम नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही प्लाट मालिक पर भी कार्यवाही करने को कहा है

**भारत संकल्प यात्रा“ की तैयारियों का लिया जायजा**-कलेक्टर विकास मिश्रा ने आज 16 दिसंबर को आयोजित होने वाले विकसित भारत संकल्प यात्रा एवं विजय दिवस व स्वास्थ्य शिविर एवं पुरूस्कार वितरण कार्यक्रमों की तैयारियों का प्रशासनिक अमला के साथ जायजा लिया एवं आवश्यक निर्देश दिए।

## जनप्रतिधियों के साथ विकसित भारत संकल्प यात्रा की तैयारियों की समीक्षा बैठक संपन्न

**हरिभूमि न्यूज डिंडोरी।** विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन एवं समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं की पहुंच को सुगम बनाये जाने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा का शनिवार, 16 दिसंबर को डिंडौरी से शुभारंभ होगा। जिला स्तर पर मुख्य कार्यक्रम उत्कृष्ट विद्यालय मैदान में अपरान्ह 2 बजे से प्रारंभ होगा।

डिंडौरी जिले में कुल 6 संकल्प यात्रा रथ भ्रमण करेंगे। प्रत्येक रथ एक दिन में 2 ग्राम पंचायतों के कार्यक्रमों में शामिल रहेगा। कार्यक्रम में भारत सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी एवं पात्र हितग्राहियों को मौके पर लाभांवित किया जाएगा। कार्यक्रम में सभी विभाग अपने-अपने स्टॉल लगाएंगे। ग्राम पंचायत हितग्राहियों को लाभांवित करेंगे एवं शासन की योजनाओं की जानकारी देंगे। कार्यक्रम में आवेदन लिए जाएंगे। शिकायत एवं शासन की योजना के लाभ के लिए अलग-अलग आवेदन लिए जाएंगे। पात्र हितग्राहियों को यथा शीघ्र लाभांवित किया जाएगा एवं शिकायतों का नियत समय-सीमा में निराकरण किया जाएगा। विकसित भारत संकल्प यात्रा में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा स्कूलों में सांस्कृतिक कार्यक्रम धरती कहे पुकार के एवं स्वच्छता पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता, पेंटिंग, गीत (पर्यावरण स्वच्छता आधारित), नृत्य एवं नुक्कड़ नाटक के साथ शाला स्तर पर खेलकूद, एथलेटिक्स सहित अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे एवं चयनित प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए जाएंगे। इसके साथ ही संकल्प यात्रा के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं में चयनित विद्यार्थियों का ब्लॉक स्तर पर चयन किया जाएगा एवं उनको 26 जनवरी 2024 पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार से पुरस्कृत किया जाएगा।

यात्रा के दौरान स्वास्थ्य विभाग के द्वारा स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाएगा। आधार कार्ड अपग्रेड के लिए कैम्प आयोजित किए जाएंगे। खाद्य विभाग द्वारा उज्जवला योजना के नए पंजीयन, पशुपालक/मछुआरे के क्रेडिट कार्ड के लिए नए आवेदन लिए जाएंगे, जन धन जीवन ज्योति योजना के नए आवेदन, कृषि विभाग द्वारा केसीसी उन्नत कृषि यंत्र, पीएचई विभाग नल जल योजना,राजस्व विभाग द्वारा पीएम किसान निधि एवं स्वामित्व योजना के साथ अन्य योजनाओं का लाभ दिया जाएगा।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के प्रचार प्रसार हेतु सर्वप्रथम दिनांक 16 दिसंबर 2023 को सुबह 8.30 बजे खिलाडी, छात्र-छात्राऐं, युवा-युवतियों के साथ जिला प्रषासन के साथ कलेक्टर प्रांगण से रैली मुख्य मार्ग डिंडौरी से होते हुए राज्य परिवहन बस स्टेण्ड अवंती बाई चैक तक नारा लगाते हुए भ्रमण करेगी।

## खबर संक्षेप

### मारपीट के दोषी को सजा

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी शुभम मोदी के न्यायालय द्वारा आरोपी शिवराम पटेल आत्मज जयराम पटेल उम्र 35 वर्ष निवासी. ग्राम कन्हारपानी थाना मुंगवानी जिला नरसिंहपुर को धारा-323 भा.दं.वि. दोषसिद्ध पाते हुये 3 माह का सश्रम कारावास एवं 1000/- रुपए अर्थदंड से दंडित किया गया।

### मंदिर समीति को भेट की बैंच



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिले की आस्था एवं पहचान का प्रतीक नरसिंह मंदिर में दानदाताओं के सहयोग से श्रद्धालुओं के सुविधाओं के विस्तार एवं मंदिर के सुधार के कार्य चल रहे हैं। इसी क्रम में आई सी आई सी आई बैंक के क्षेत्रीय मैनेजर एवं ब्रांच मैनेजर ने नरसिंह मंदिर में सोफा कुर्सी भेंट की । बैंक प्रबंधन ने भविष्य में भी श्रद्धालुओं के सुविधाओं के विस्तार के कार्य में सहयोग का आश्वासन दिया।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का शुभारंभ आज

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** राज्य स्तरीय विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मध्यप्रदेश में 16 दिसम्बर को अपरान्ह 4 बजे फ्लेग ऑफ कर किया जायेगा। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण पीजी कॉलेज नरसिंहपुर में आयोजित कार्यक्रम में किया जायेगा। प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा फ्लेग ऑफ करने के उपरांत जिला स्तर से आयोजित कार्यक्रम में जिले की समस्त आईईसी वैन रूट चार्ट के मुताबिक पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम नरसिंहपुर से रवाना किया जायेगा। उप सचिव राज्य शासन किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के निदेर्शों के परिपालन में रूट चार्ट के अनुसार आगामी कार्यक्रम 17 दिसम्बर से प्रारंभ किये जावेंगे। कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार ने अधिकारियों को दायित्व सौंपे हैं। कार्यक्रम के उप संचालक कृषि उमेश कटहेरे, जिला समन्वयक एसबीएम राजेश तिवारी व उप संचालक सामाजिक न्याय श्रीमती अंजना त्रिपाठी को नोडल अधिकारी और सीईओ जनपद नरसिंहपुर श्रीमती प्रतिभा परते व सीएमओ नगर पालिका नरसिंहपुर सुश्री साक्षी वाजपेयी को सहायक जिला नोडल अधिकारी बनाया गया है। ये अधिकारी आपस में समन्वय स्थापित कर कार्यक्रम के लिए आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित करेंगे।


### स्वास्थ्य संस्थाओं में किया गया मॉक ड्रिल

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर व सिविल अस्?पताल गाडरवारा में वैश्विक महामारी कोविड- 19 की रोकथाम को ध्यान में रखते हुए किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए समस्?त सुविधाओं की तैयारी महत्वपूर्ण है। जिला चिकित्सालय व समस्त ब्लॉकों में कोविड-19 की रोकथाम के लिए 14 दिसंबर को मॉकड्रिल किया गया। इस दौरान फ्रंटलाइन कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए। मानव संसाधन क्षमता जिसमें कोविड- 19 प्रबंधन पर प्रशिक्षित स्वास्थ्य देखभालकर्ता, गंभीर मामलों के प्रबंधन के लिए वेंटिलेटर प्रबंधन, प्रोटोकॉल में प्रशिक्षित स्वास्थ्य देखभालकर्ता, पीएसए संयंत्रों के संचालन में प्रशिक्षित स्वास्थ्य कार्यकर्ता की तैयारी देखी गई। रेफरल सेवाएं एडवांस बेसिक लाइफसपोर्ट की उपलब्धता एवं अन्य एंबुलेंस की उपलब्धता को सुचारू किया गया। परीक्षण क्षमता कोविड- 19 प्रयोगशाला की संख्या आरटी-पीसीआर और आरएटी किट की उपलब्धता देखी गई। ऑक्सीजन कन्सेंट्रेटर, ऑक्सीजन सिलेंडर, पीएसए प्लांट, मेडिकल ऑक्सीजन स्टोरेज, मेडिकल गैस पाइपलाइन सिस्टम को पुनः जांचा गया।

## चंद घंटे में पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

# एकतरफा प्यार में युवती को मारी गोली, मौत





**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** गुरूवार - शुक्रवार की रात तकरीबन 10:30 बजे एकतरफा प्यार में पागल सिरफिरे युवक ने युवती को सरेराह गोली मारकर हत्या कर दी। ट्रेन से उतरकर घर जा रही युवती के सिर पर युवक ने गोली दागी जिससे वह मौके पर ही लहुलुहान हो गई। आस-पास के लोगों ने युवती को अस्पताल भेजा जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना बीती रात गोटेगांव थाना अंतर्गत सिंधी कालोनी स्थित शीतल धर्मशाला के पास की घटना बताई जा रही है। बताया गया कि युवक दो साल से परेशान कर रहा था।





### रेलवे स्टेशन से घर पैदल जा रही थी युवती

उक्त संबंध मे बताया गया कि काजल साहू नाम की 22 वर्षीय युवती जबलपुर में काम कर वापस ट्रेन से गोटेगांव रेलवे स्टेशन उतरी जहां से वह अपने घर पैदल जा रही थी, तभी रास्ते में 23 वर्षीय आरोपित देवेंद्र पटेल उर्फ डीके जो कि शिक्षक कालोनी गोटेगांव का निवासी है। युवक युवती के पीछे-पीछे आया और युवती के सिर पर गोली दागकर मौके से फरार हो गया था। घटना के बाद से ही पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया वही घटना को लेकर लोगों में आक्रोश रहा ।

### सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई वारदात

हत्याकांड के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू की। वहीं आस-पास के सीसीटीवी कैमरे भी खंगाले। यह वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है जिसका वीडियो भी इंटरनेट मीडिया में प्रसारित हो रहा है। वीडियो में आरोपित की पहचहान होने के बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। वहीं घटना की जानकारी लगते ही पुलिस अधीक्षक अमित कुमार, गोटेगांव एसडीओपी भावना मरावी सहित पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। एसपी ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। बताया जा रहा है कि वारदात के कुछ देर पहले ही युवती श्रीधाम रेलवे स्टेशन में जबलपुर-अमरावती एक्सप्रेस से उतरी थी और पैदल-पैदल घर जा रही थी जिसके साथ-साथ आरोपित भी जाता हुआ सीसीटीवी फुटेज में दिख रहा है।

### स्वजनों ने किया चक्काजाम

शुक्रवार को युवती के स्वजनों और साहू समाज के लोगों ने इस घटना के विरोध में चक्काजाम कर दिया और आरोपित को फांसी की सजा की मांग करने लगे। युवती के स्वजनों का कहना आरोपित युवक उनकी बेटी को दो वर्षों से परेशान कर रहा था। आरोपित को कई बार समझाया भी गया था लेकिन उसने काजल का पीछा नहीं छोड़ा। कई बार विवाद की स्थिति भी बनी थी। वहीं युवती के स्वजनों व साहू समाज ने मिलकर एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा और आरोपित का मकान ढहाने, कड़ी कार्रवाई करने और स्वजनों को क्षतिपूर्ति दिलाने की मांग की है। सकल साहू समाज ने भी ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि यह हमारी बहन है और आरोपित पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। उसका मकान ढहाया जाना चाहिए। समाज ने इस घटना के विरोध में गोटेगांव बंद का भी आह्वान कर दिया और प्रशासन से कड़ी कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी है। चक्काजाम कर रहे लोगों युवती के पोस्टमार्टम से पहले आरोपित का मकान ढहाए जाने की मांग करते रहे। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा।

### पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

पुलिस ने परिजनों की रिपोर्ट पर थाना गोटेगांव मे देवेन्द्र कुमार पटेल पिता हरिगोविंद सिंह पटेल, उम्र 22 वर्ष, निवासी शिक्षक कॉलोनी थाना गोटेगांव के विरूद्ध अपराध क्रमांक 980/2023 धारा 302 भादवि एवं 25, 27 आर्म्स एक्ट कायम तलाश की गई जिसमे परिणाम स्वारूप आरोपी को गिरफ्तार किया गया । आरोपी के पास से एक देशी पिस्टल व एक जिंदा कारतूस एवं एक पल्सर मोटर साईकल भी जप्त की गयी है। बताया गया कि आरोपी मृतिका से इकतरफा प्यार करता था और शादी करना चाह रहा था मृतिका ने आरोपी से शादी करने से इंकार कर दिया इसके परिणाम स्वरूप आरोपी ने मृतिका की देशी पिस्टल से गोली मारकर हत्या कारित कर दी।



## फिट है इण्डिया के तहत प्रतियोगिता संपन्न छात्राओं ने दिखाया खेल में दमखम

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** शुक्रवार को फिट है इण्डिया स्कूल सप्ताह अंतर्गत शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरसिहपुर में जिला शिक्षा अधिकारी एच पी कुर्मी के निर्देशन में प्रभारी प्राचार्य श्रीमती गायत्री सोनी, व्यायाम शिक्षक डा अंजीता वर्मा द्वारा विद्यालय स्तर पर फिट इण्डिया खेल प्रतियोगिता आयोजित की गई । हायर सेकेण्डरी,माध्यमिक शाला के सभी शिक्षकों के सहयोग से विद्यालय प्रांगण में आयोजित खेल प्रतियोगिता में छात्राओं द्वारा फिटनेस के महत्व स्वास्थ्य और राष्ट्र के निर्माण में खेल की भूमिका पर निबंध लेखन , पोस्टर निर्माण, स्वदेशी खेल खो खो, रस्साकशो,की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रभारी प्राचार्य श्रीमती गायत्री सोनी, जनशिक्षक एच पी कोरी, राजकुमार कुशवाहा जय कुमार सोनी द्वारा छात्राओं द्वारा छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। विद्यालय खेल कैलेंडर अनुसार खो खो, रस्सा कशी, योग एवं ध्यान, फिटनेस प्रतिज्ञा, फिटनेस मूल्यांकन फिट इण्डिया सप्ताह 2023 की गतिविधियों को विद्यालय स्तर पर छात्राओं द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान पर रहे खिलाड़ियों को विद्यालय स्तर पर गणतंत्र दिवस पर पुरुस्कार दिया जाएगा। खो खो में कक्षा सातवी की छात्रा वैशाली सेन, रागिनी ठाकुर, रिया प्रजापति विजेता एवं टीना पटेल, भावना चौधरी, भावना गोस्वामी अप विजेता रहीं । रस्साकशी में अभिलाषा मेहरा, रागिनी कहार, नौशीन विजेता एवं साक्षी कुशवाहा, अनुष्का मालवीय हर्षिता यादव उप विजेता रही।

## जिला स्तरीय गायन - वादन प्रतियोगिता सम्पन्न




**नरसिंहपुर।** शुक्रवार को युवा उत्सव 2023 के अंतर्गत जिला स्तरीय गायन वादन प्रतियोगिता आयोजन उच्च शिक्षण संस्थान एम.आई.एम. टी कॉलेज में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती कृष्णा शर्मा प्राचार्य श्याम सुंदर नायारण महिला महाविद्यालय नरसिंहपुर चिहिन्त महाविद्यालय युवा उत्सव नरसिंहपुर एवं अध्यक्षता डॉ. अशोक कुमार गर्ग प्राचार्य एम.आई.एम.टी कॉलेज नरसिंहपुर में सम्पन्न कराई गई। स्वागत भाषण में प्राचार्य डॉ. गर्ग द्वारा युवा उत्सव के महत्व पर प्रकाश डालते हुये जिले के महाविद्यालयों से आये हुये सभी प्रतिभागियों एवं दलनायकों को अपनी प्रतिभागिता पर अच्छा प्रर्दशन करने हेतु शुभकामनायें प्रेंषित की। मुख्य अतिथि श्रीमती शर्मा द्वारा युवा उत्सव के सफल संचालन हेतु दिशा निर्देश दिये गये । निर्णायक की भूमिका का निर्वहन प्रसिद्ध बुंदेली लोक गीत गायक पं. सुमित दुबे, मंयक विश्वकर्मा संगीत शिक्षक केन्द्रीय विद्यालय नरसिंहपुर एवं प्रदीप पुरोहित संगीत शिक्षक चावरा विद्यापीठ नरसिंहपुर द्वारा किया गया । कार्यक्रम का संचालन एवं आभार डॉ. पराग नेमा सांस्कृतिक प्रभारी द्वारा किया गया । इस अवसर पर युवा उत्सव पर्यवेक्षक डॉ. चेतना उपाध्याय एवं श्रीमती अनीता रघुवंशी जिले के विभिन्न महाविद्यालयों से आये दल प्रभारी , संगतकार एवं प्रतिभागियों की विशेष उपस्थिति रही ।

**ये रहे विजेता**

एकल गायन (सुगम) जुनैद अली प्रथम स्थान , एकल गायन (शास्त्रीय) ललिता द्विवेदी प्रथम , एकल गायन (पाश्चात्य) नंदनी प्रधान प्रथम तीनो प्रतिभागी स्वामी विवेकानन्द शा. स्ना. महाविद्यालय नरसिंहपुर ,समूह गायन (भारतीय) साक्षी रजक , आर्या सोनी, महिमा रैकवार, संस्कृति पटवा,पूजा विश्वकर्मा, मुस्कान साहू एम.आई.एम.टी. कॉलेज नरसिंहपुर प्रथम स्थान प्राप्त किया । समूह गायन (पाश्चात्य) एम.आई.एम.टी. कॉलेज नरसिंहपुर भनुजा पटेल समीक्षा सोनी प्रियंका साहू संस्कृति पटवा महक कुरैशी आदर्श पटेल प्रथम स्थान पर रहे , एकल वादन प्रतीक पाण्डे प्रथम स्थान प्राप्त किया ।

## भारतीय भाषा महोत्सव का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस महाकवि सुब्रमण्यम भारती की जन्म जयंती महोत्सव के अवसर पर भारतीय भाषा महोत्सव का आयोजन दिनांक 15 दिसम्बर 2023 को सरस्वती षिषु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरसिंहपुर में किया गया। संस्था प्राचार्य राकेष कुमार स्थापक की अध्यक्षता तथा प्रभारी प्रधानाचार्य तुलसीराम पाराषर वरिष्ठ आचार्या श्रीमती रमा गुप्ता की उपस्थिति में आयोजित उक्त कार्यक्रम में सर्वप्रथम संवेदना चैकसे अनुश्री पटैल के द्वारा संस्कृत गीत, करिष्मा चड़ार द्वारा प्रेरक प्रसंग तथा मान्या करिष्मा के द्वारा हिन्दी गीत के माध्यम से भारतीय भाषाओं के गौरव को बढ़ाया। भारतीय साहित्यकारों, संस्कृति, भारतीय भाषाओं में शिष्टाचार का पोस्टर के माध्यम से प्रदर्शन भावना यादव, देवांषी नौरिया, अंबिका यादव द्वारा किया गया। सरस्वती विद्यालय प्रवेश द्वार के पास केनवास में मेरी मातृभाषा मेरे हस्ताक्षर के माध्यम से मातृभाषा के प्रति जन जाग्रति के प्रयास किए जा रहे है। गीत, कहानी, लघुनाटिका भाषाई खेल एवं मनोरंजक कार्यक्रमों के अलावा भारतीय भाषाओ के विभिन्न चार्टस का प्रदर्शन सह पाठ्य क्रिया कलापों में किया जा रहा है। वरिष्ठ आचार्य सुनील दुबे ने भारतीय भाषा महोत्सव के 75 दिवसीय आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम रूपरेखा को रखते हुए भारतीय भाषाओं को संस्कृति सभ्यता का वाहक बताया। किसी भी भाषा के पतन से वहॉ की संस्कृति एवं सभ्यता का भी पतन होता है। अतः प्रत्येक भाषा की उन्नति में सहभागी बने इस नाते राष्ट्रीय शिक्षा नीति में प्राथमिक शिक्षा मातृभाषा में दिये जाने का प्रावधान है। संस्था प्राचार्य श्री स्थापक ने अध्यक्षीय आषीष वचन में तमिल महाकवि सुब्रमण्यम भारती की जन्म जयंती कार्यक्रम के अन्तर्गत भारतीय भाषाओं को बढ़ावा देने तथा विविध भाषायों गतिविधियों के माध्यम से विभिन्न भारतीय भाषाओं के संरक्षण संवर्धन पर जोर दिए जाने की बात कही। मंच संचालन रामषंकर पटैल आचार्च द्वारा किया गया।



### मतदान केन्द्रों की पुर्नव्यवस्था एवं गठन की कार्यवाही 20 से

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश के अनुसार एक जनवरी 2024 की अर्हता तिथि के आधार पर फोटो निर्वाचक नामावली का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी किया गया है। इसके अनुसार मतदान केन्द्रों की पुर्नव्यवस्था एवं गठन की कार्यवाही 20 दिसम्बर से 5 जनवरी तक की जायेगी। मतदान केन्द्रों व मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन 6 जनवरी को किया जायेगा। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 8 फरवरी को किया जायेगा। भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार प्रारूप मतदान केन्द्रों की सूची का प्रकाशन सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय में किया जा रहा है। प्रारूप मतदान केन्द्र की सूची संबंधित निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी 118- गोटेगांव, 119- नरसिंहपुर, 120- तेंदूखेड़ा एवं 121- गाडरवारा के कार्यालय एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय में उपलब्ध है, जिसका अवलोकन किया जा सकता है। यदि उक्त मतदान केन्द्र सूची में किसी को कोई आपत्ति/ आक्षेप हो अथवा कोई सुझाव/ प्रस्ताव हो, तो वह 7 दिवस के भीतर अपना लिखित आवेदन संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अथवा जिला निर्वाचन कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं, जिससे समयावधि में उक्त प्रस्ताव पर नियमानुसार कार्यवाही की जा सके। यह जानकारी अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी नरसिंहपुर ने दी है।

## ग्रामीण क्षेत्रों में 19 व शहरी क्षेत्रों में 16 योजनाओं में लाभ देने के लिये निकलेगी संकल्प यात्रा

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** भारत शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं को पात्र अंतिम व्यक्ति तक लाभ देने के उद्देश्य से 17 दिसम्बर से विकसित भारत संकल्प यात्रा जिले में प्रारंभ होगी। यात्रा का लाभ पात्र अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जाये। रामीण क्षेत्रों में भारत शासन की 19 और शहरी क्षेत्रों में 16 योजनाओं का लाभ सुनिश्चित किया जाना है। भारत शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार प्रसार के लिये तैयार किये गए रथ जिला मुख्यालय पहुंच गये है। इन विशेष रथों के माध्यम से विभिन्न योजनाओं पर आधारित छोटी-छोटी फिल्मों का भी प्रसारण किया जायेगा। साथ ही पूर्व में लाभान्वित हितग्राही का चयन कर उन्ही की जुबानी सफलता की कहानियॉ भी सुनाई जायेगी। यात्रा के दौरान ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित किये जायेंगे। इन शिविरों के माध्यम से विभिन्न प्रकार की जांच भी की जायेगी। 17 दिसम्बर से जिले की 450 पंचायतों में संकल्प यात्रा निकाली जायेगी। प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित नोडल अधिकारी, सहायक नोडल अधिकारी और संबंधित विभागों के अधिकारी हर दिन की तकनीकी जानकारी पोर्टल पर जियो टेगिंग के माध्यम से एंट्री। यह 9 प्रकार की होगी जिसमें यात्रा का ब्यौरा दर्ज होना है। इसके अलावा यात्रा के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम और क्विज प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जायेगी। यात्रा के दौरान भारत शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं पर फोकस किया जाना है। इनमें आयुष्मान भारत, गरीब कल्याण योजना, दिनदयाल अंत्योदय योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजिविका मिशन, पीएम आवास, पीएम उज्जवला, पीएम विश्वकर्मा, किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल जीवन मिशन, गांव का सर्वेक्षण, जन धन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम प्रणाम योजना, नैनो उर्वरक योजना, सॉइल हेल्थ कार्ड और उन्नत कृषि यंत्र योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रो में कुल 19 योजनाओं का लाभ दिया जायेगा।